नवोदय टाइम्स
SUN,20 JULY 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# हाथ की चारों उंगलिया कटी, ईएसआईसी अस्पताल में हुआ सफल उपचार

## ईएसआईसी हितलाभ से शून्य खर्च पर इलाज




पीड़ित को हितलाभ प्रमाण पत्र देते हुए।

गुड़गांव, 19 जुलाई (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के हितलाभों को लेकर अब नियोक्ता जागरूक हो रहे है। किसी भी बीमारी व दुर्घटना के दौरान अब निजी अस्पताल जाने के वजाय ईएसआईसी के अस्पतालों में जाना पसंद कर रहे है।

बीमारी से लाचार एक ईएसआईसी से बीमित व्यक्ति का सफल उपचार हुआ है। पीडित पूर्ण सिंह कि मानें तो मेरा उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम में बीमा संख्या-6924 46 664599 संख्या से पंजीकृत हूं। वर्तमान में सरस्वती एन्क्लेव सेक्टर-37 गुरुग्राम में रहता हूं। मै गांव सिकरौदा मध्यप्रदेश का निवासी हूं। पारिवारिक जिम्मेदारी व रोजगार की तलाश में मुझे अपना गांव छोड़ना पड़ा। गुड़गांव में एक कंपनी में बतौर हेल्पर कार्य करने लगा। अचानक हुए हादसे में मेरे हाथ की चार अंगुलिया कट गई। कई दिनों के उपचार के बाद हमें स्वस्थ्य हाल में घर भेजा गया। इस दौरान मेरा खर्च भी शून्य रहा क्योकि उस समय मुझे ईएसआईसी के हितलाभों व सुविधाओं की जानकारी प्राप्त हुई थी। अपंगता हितलाभ के रूप में लगभग रु.3900/- प्रति माह पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। जिसकी वजह से मैं 67 वर्ष की उम्र में अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण कर पा रहा हूं। पीडित पूर्ण सिंह ने बताया मैं ईएसआईसी व इसके अधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उप क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख सुनील यादव ने बताया जल्द ही नियोक्ताओं को ईएसआईसी के हितलाभों को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाएंगे।